# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY|CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**MID-TERM EXAMINATION 2024-25**
**HINDI (085)**

Class : IX                                    Duration : 3 **Hrs**
Date : 23.09.2024                             Max. Marks : **80**
Admission No.:                                Roll No.:

---

**सामान्य निर्देश –** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

---

## खंड क वस्तुनिष्ठ भाग (40 अंक)

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए-** **(1x5=5)**

मृत्यु अर्थात यमराज के घर का मार्ग सचमुच बड़ा भयावना था। नचिकेता ने देखा कि अपने-अपने कर्मों के कारण लोग मृत्यु से किस तरह घबराते हैं। हृदय में छाई हुई पाप की रेखाओं से लोगों का मन इतना भयभीत है कि सारे मार्ग में हाहाकार मचा हुआ है। कोई अपने पुत्र के लिए रो रहा है तो किसी को पत्नी के वियोग का दुख है। परंतु नचिकेता को तो सचमुच अपूर्व आनंद मिल रहा था। प्रसन्नता और उत्साह के साथ उसने मार्ग की सारी कठिनाइयों का अंत कर दिया। पिता की आज्ञा के पालन करने में उसे जो शांति मिल रही थी, वह भूलोक के मायाग्रस्त जीवन में कहीं नहीं थी। निर्भीक नचिकेता जिस समय मृत्यु के द्वार पर पहुँचा, उस समय संयोग से यमराज कहीं बाहर गए हुए थे। द्वारपालों ने उसे भीतर घुसने की अनुमति नहीं दी। विवश होकर उसे बाहर एक वृक्ष के नीचे सुंदर चबूतरे पर बैठकर यम की प्रतीक्षा करने को कहा गया। वहीं पर चुपचाप बैठ कर यम की प्रतीक्षा करने लगा।

(क) गद्यांश में यमराज के घर का मार्ग ही बताया गया है, बहुत-
(i) भयावना (ii) आकर्षक
(iii) लंबा चौड़ा (iv) छोटा

(ख) नचिकेता ने लोगों को अपने कर्मों के कारण किस दशा में देखा?
(i) आनंदमग्न (ii) मृत्यु से घबराते हुए
(iii) विरक्त (iv) अत्यंत विपन्न

(ग) यमराज के निवास की ओर जाते हुए नचिकेता अनुभव कर रहे थे-
(i) दुख का (ii) सम्मान का
(iii) अपूर्व क्लेश का (iv) आनंद का

(घ) द्वारपाल ने जिसे घुसने नहीं दिया वे थे-
(i) एक महात्मा (ii) नचिकेता
(iii) यमराज के मित्र (iv) ईश्वर के दूत

(ङ) वृक्ष के नीचे नचिकेता को यमराज की प्रतीक्षा करनी पड़ी क्योंकि वे-
(i) कार्य में व्यस्त थे (ii) आराम कर रहे थे
(ii) कहीं गए थे (iv) सो चुके थे

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए-** **(1x5=5)**

हमारा देश धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र है, जहाँ अनेक धर्मों के लोग मिलजुलकर रहते हैं। सभ्यता और संस्कृति, साहित्य एवं संगीत तथा अनेक ललित कलाओं का विकास भी यहीं हुआ। विश्व के प्राचीनतम ग्रंथ वेद इसी पवित्र भारत भूमि पर रचे गए। भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश इसी पावन धरा पर दिया था जो आज भी विश्व का प्रेरणा स्त्रोत है। यहीं श्रीराम ने स्वयं मर्यादा का पालन करके समाज को नई दृष्टि प्रदान की। भारतीय संस्कृति का मूल स्वर विश्व-कल्याण है। 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्' के स्वर इस भारत भूमि पर सदैव

गूँजते रहे हैं और गूँजते रहेंगे।एक अरब जनसंख्या वाला देश सत्य, अहिंसा और शांति का अनुगमन करने वाला है। सिंधु घाटी, मोहनजोदड़ो और हड़प्पा जैसी संस्कृतियों को जन्म देने वाला भारत देश आज भी अपनी विशिष्टता बनाए हुए हैं।आध्यात्मिक क्षेत्र में जगद्‌गुरु कहा जाने वाला भारत आज भी विश्व को जीवन मूल्यों और आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाता रहता है।

(क)हमारा देश कैसा है?

(i) धर्मनिरपेक्ष (ii) हिंदू राष्ट्र
(iii) मुस्लिम राष्ट्र (iv) ईसाई धर्म को मानने वाला

(ख) सभ्यता, साहित्य व अन्य ललित कलाओं का विकास कहाँ हुआ ?

(i) चीन में (ii) भारत में (iii) जापान में (iv) अमेरिका में

(ग) श्रीराम ने समाज को क्या दिया?

(i) आवश्यक सामान (ii) रामराज्य (iii) रामायण (iv) नई दृष्टि

(घ) भारतीय संस्कृति का मूल स्वर क्या है?

(i) अनेकता में एकता (ii) वसुधैव कुटुंबकम् (iii) विश्वकल्याण (iv) धर्मांधता

(ङ) आध्यात्मिक क्षेत्र में भारत को क्या कहते हैं?

(i) जगद्‌गुरु (ii) छात्र (iii) गुरु (iv) अध्यापक

**व्यवहारिक व्याकरण**

प्रश्न-3 निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिये - (1x2=2)

(क) पद किसे कहते हैं ?

(i) वाक्य में प्रयुक्त व्यंजनों को (ii) वाक्य में प्रयुक्त शब्दों को
(iii) वाक्य में प्रयुक्त वर्णों को (iv) वाक्य में प्रयुक्त ध्वनियों को

(ख) वर्णों के सार्थक समूह को क्या कहते हैं?

(i) शब्द (ii) वाक्य (iii) पद (iv) वर्ण

प्रश्न-4 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- ( 1x2=2)

(क) नीचे दिए गए शब्दों में सही अनुस्वार युक्त शब्द छाँटकर लिखिए -

(i) हिमंपुज (ii) हिमपुंज (iii) हिंमपुज (iv) हिमँपुज

(ख) नीचे दिए गए शब्दों में से किसमें अनुनासिक का सही प्रयोग है-

(i) खुशियां (ii) खुशियाँ (iii) खुँशियाँ (iv) खुंशियाँ

(ग)नीचे दिए गए शब्दों में से किसमें अनुनासिक का सही प्रयोग है-

(i)चाँदनी (ii)चांदनी (iii) चादँनी (iv) चान्दनी

प्रश्न-5 निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए- (1x4=4)

(क) 'अनुवाद' में उपसर्ग तथा मूल शब्द है-

(i) अ+नुवाद (ii)अनुवा+द (iii)अनु+वाद (iv)अन+वाद

(ख) 'सुपुत्री' में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(i)स (ii)सु (iii) पुत्री (iv)ई

(ग) 'कहानियाँ' में मूल शब्द तथा प्रत्यय है-

(i) कहानी+इयाँ (ii) कहानी+इया (iii) कहानी+याँ (iv) कहना+इयाँ

(घ) 'चिंतित' में प्रत्यय तथा मूल शब्द है-

(i)चिंता+इत (ii) चिंत+इत (iii) चिंत+इंत (iv) चित+इत

(ङ) 'सज्जन' में मूल शब्द है-

(i) सज (ii) सज्ज (iii) जन (iv) अन

प्रश्न-6 निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - (1x3=3)

(क) 'सत्यार्थ' का सही संधि विच्छेद है-

(i) सत्य+आर्थ (ii) सत्या+अर्थ (iii) सत्+अर्थ (iv) सत्य+अर्थ

(ख) नवोदय का सही संधि विच्छेद है-

(i) नवो+दय (ii) नव+उदय (iii) नव+ओदय (iv) नवो+उदय

(ग) 'समुद्र+ऊर्मि' की सही संधि है -

(i) समुद्रोर्मि (ii) समुद्रोमि (iii) समुद्रौर्मि (iv) समुद्रोर्म

(घ) जहाँ स्वर का स्वर से मेल होता है वहाँ होती है

(i) स्वर संधि। (ii) व्यंजन संधि (iii) विसर्ग संधि (iv) यह सभी

प्रश्न-7 निम्न में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए - (1x3=3 )

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से इस वाक्य में उचित विराम चिह्न लगा है-

(i) मैं, तुम और वह एक साथ परीक्षा देने चलेंगे!

(ii) मैं; तुम और वह एक साथ परीक्षा देने चलेंगे।

(iii) मैं, तुम और वह एक साथ परीक्षा देने चलेंगे?

(iv) मैं, तुम और वह एक साथ परीक्षा देने चलेंगे।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से इस वाक्य में उचित विराम चिह्न लगा है

(i) कमल ने कहा, कैसे भेजता चपरासी सो रहा था।

(ii) कमल ने कहा, "कैसे भेजता चपरासी सो रहा था।"

(iii) कमल ने कहा, कैसे भेजता चपरासी सो रहा था!

(iv) कमल ने कहा, "कैसे भेजता चपरासी सो रहा था?"

(ग) ("   ") में दिए गए विराम चिन्ह का नाम क्या है?

(i) उद्धरण चिह्न (ii) योजक चिह्न

(iii) अर्धविराम चिह्न (iv) अल्पविराम चिह्न

(घ) प्रश्नवाचक व विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में कौन सा विराम चिन्ह प्रयुक्त होता है?

(i) पूर्णविराम (ii) अर्धविराम (iii) विवरण (iv) उद्धरण

प्रश्न-8 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x2=2)

(क)निषेधवाचक वाक्य से पता चलता है-

(i) कार्य के न होने का (ii) इच्छा का (iii) प्रश्न का (iv) आज्ञा का

(ख)अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं-

(i) सात। (ii) पाँच (iii) आठ (iv)तीन

(ग)विधानवाचक वाक्य है-

(i) श्याम पढ़ता है। (ii) आप क्या कर रहे हैं?

(iii) वह आज विद्यालय नहीं जाएगा। (iv) वह पास नहीं होगा।।

प्रश्न-9 पाठ्य पुस्तक निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

रहिमन निज संपति बिना, कोउ न बिपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सके बचाय।।

(क) जलहीन कमल की रक्षा सूर्य क्यों नहीं कर सकता ?

(i) कमल की रक्षा करने में उसकी कोई रुचि नहीं।

(ii) केवल जल ही कमल को जीवन दे सकता है।

(iii) दोनों झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं।

(iv) सूरज को मनमानी पसंद है।

(ख) अपनी संपत्ति कब काम आती है ?

(i) विपत्ति में (ii) आपत्ति में (iii) सुख में (iv) उपर्युक्त सभी में

(ग) विपत्ति में सबसे बड़ा सहायक कौन है?

(i) मित्रगण (ii) सगे संबंधी (iii) माता-पिता (iv) अपनी संपत्ति

(घ) रवि कमल को कब बचा पाता है?

(i) जब कमल के आसपास जल होता है (ii) जब कमल मुरझा रहा होता है

(iii) जब सूरज उदित होता है (iv) जब कमल खिल रहा होता है

(ङ) इस दोहे को किसने लिखा है?

(i) कबीर (ii) तुलसीदास (iii) रहीम (iv) नज़ीर

प्रश्न-10 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x2=2)

(क) अग्निपथ कविता के अनुसार कठिन रास्ते पर चलने का फैसला लेने वाले मनुष्य को क्या प्रतिज्ञा करनी चाहिए?

(i) वह कभी थमेगा नहीं। (ii) वह कभी रुकेगा नहीं।

(iii) वह कभी पीछे मुड़कर दिखेगा नहीं। (iv) उपरोक्त सभी।

(ख) रहीम के अनुसार हमें बुरे समय के लिए क्या करना चाहिए ?

(i) परिवार को साथ लेकर चलना चाहिए। (ii) किसी की परवाह नहीं करनी चाहिए।

(iii) संपत्ति का संचय करना चाहिए। (iv) मित्रों पर विश्वास करना चाहिए।

प्रश्न-11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x 5=5)

तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती है। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ। तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चौथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चौथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती। लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रोनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो। तुम अपने भारी चरण कमलों की छाप मेरी जमीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंगनी चट्टान देख ली, तुम मेरी काफी मिट्टी खोज चुके। अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उचित समय अर्थात हाई टाइम है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती ?

(क) पाठ व लेखक का नाम लिखिए -

(i) तुम कब जाओगे अतिथि- शरद जोशी (ii) दुख का अधिकार- यशपाल

(iii) एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा- बचेंद्री पाल (iv) धूल - रामविलास शर्मा

(ख) एस्ट्रोनॉट्स और अतिथि में मुख्य रूप से क्या अंतर था?

(i) दोनों ही यात्रा करते रहते हैं एक धरती पर तथा दूसरा अंतरिक्ष में

(ii) एस्ट्रोनॉट्स कुछ दिन चाँद पर रहकर वापस आ जाते हैं किंतु अतिथि जाने का नाम नहीं ले रहा था।

(iii) एस्ट्रोनॉट्स रॉकेट में यात्रा करता है जबकि अतिथि बस या रेलगाड़ी में

(iv) एस्ट्रोनॉट्स सुशिक्षित होते हैं जबकि अतिथि कोई भी बन जाता है

(ग) मेज़बान क्यों चाहता है कि अतिथि अब लौट जाए ?

(i) उसके घर की खाने की सामग्री समाप्त हो गई थी।

(ii) उसकी आर्थिक स्थिति कमज़ोर हो गई थी

(iii) उसको अपने मेहमान से घृणा हो गई थी

(iv) उसे अतिथि का अपने घर रहना पसंद नहीं है

(घ) लेखक कैलेंडर किसे और क्यों दिखा रहा है?

(i) अपने अतिथि को ताकि वह शीघ्र घर से जाए।

(ii) अपनी पत्नी को ताकि वह अतिथि का सम्मान करें।

(iii) अपने बच्चों को ताकि वह परीक्षा की तैयारी करें।

(iv) अतिथि को ताकि वह अधिक समय तक उसके घर पर रहे।

(ङ) गद्यांश में 'तुम' और 'मैं' कौन है?

(i) 'तुम' लोगों के लिए 'मैं' अपने लिए (ii) 'तुम' अतिथि के लिए 'मैं' लेखक के लिए

(iii) 'तुम स्त्रियों के लिए' मैं 'लेखक के लिए (iv) ' तुम' आत्मा के लिए' मैं'परमात्मा के लिए

प्रश्न-12 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- (1x2=2)

(क) लेखक की पोशाक ने उसे नीचे झुकने से कैसे रोक दिया?

(i) लेखक अच्छी पोशाक के कारण ओछा काम न कर सका।

(ii) लेखक अच्छी पोशाक के कारण खरबूज़े बेचने वाली के दुख दर्द को नहीं बाँट सका।

(iii) लेखक अच्छी पोशाक के कारण खरबूज़े स्वयं नहीं खरीद सका।

(iv) लेखक अच्छी पोशाक के कारण खरबूज़े का भाव-तोल नहीं कर सका।

(ख) 150 किलोमीटर की गति से चलने वाली हवाओं के कारण क्या परिवर्तन होता है?

(i) पहाड़ टूट कर गिरने लगते हैं। (ii) बर्फ़ झर-झरकर गिरने लगते हैं।

(iii) सूखी बर्फ़ उड़ने लगती है। (iv) सूखी बर्फ़ का विशाल फूल(प्लूम) बन जाता है।

**खंड 'ख' (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) सैद्धांतिक (40 अंक)**

प्रश्न-13 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (3x2=6)

(क) भगवाना को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या उपाय किए ? दुख का अधिकार पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) "बिना सहयोग एवं सहायता की भावना के सम्मिलित अभियान संभव नहीं है।" एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) कौन-सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा? तुम कब जाओगे, अतिथि पाठ के आधार पर लिखिए।

प्रश्न-14 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (3x2=6)

(क) अग्निपथ कविता में कवि छाँह माँगने को क्यों मना करता है ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) अवध नरेश की चित्रकूट जाने की क्या विवशता थी ? वह कौन थे ?

(ग) कवि रैदास ने अपने पद के माध्यम से तत्कालीन समाज का चित्रण किस प्रकार किया है ?

प्रश्न-15 निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (3x2=6)

(क) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखिका को गिल्लू किस अवस्था में मिला और उन्होंने गिल्लू का उपचार किस प्रकार किया?

(ख) चिट्ठियों के कुएँ में गिरने के पश्चात लेखक की मनःस्थिति कैसी थी? उसका वर्णन 'स्मृति'पाठ के आधार पर कीजिए।

(ग) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर कौवे को एक समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

**(लेखन)**

प्रश्न-16 दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर लगभग 100 शब्दों में <u>एक</u> अनुच्छेद लिखिए- (6अंक)

(क) मेरा प्रिय खेल

संकेत बिंदु - *खेल का नाम और प्रिय होने का कारण *खेल के नियम *खेल के लाभ

(ख) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

संकेत बिंदु - *भूमिका *यात्रा का आनंद *अविस्मरणीय यात्रा कैसे *उपसंहार

(ग) आधुनिक भारत की समस्याएँ

संकेत बिंदु - *सभी देशों में समस्याएँ मौजूद

*भारत की समस्याएँ

*नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना आवश्यक *उपसंहार

प्रश्न-17 छोटे भाई को कम खर्च करने की सलाह देते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (6अंक)

**अथवा**

आपके चाचाजी ने नया घर लिया है। उन्हें बधाई देते हुए 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्रश्न-18 चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य का कल्पना शक्ति से लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से ही संबंध होना चाहिए। (5अंक)




प्रश्न-19 अपने जीवन लक्ष्य को लेकर दो मित्रों के बीच का संवाद लेखन लगभग 100 शब्दों में कीजिए। (5अंक)

**अथवा**

बांग्लादेश में हुए तख्तापलट पर दो मित्रों के बीच संवाद 100 शब्दों में लिखिए।

********